दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा:छठी **विषय:हिन्दी**

कुल अंक 10

प्र०1:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 5)

मानव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन, नींद और श्वास लेना आवश्यक है. उसी प्रकार जीवन को स्वस्थ,सुंदर। और सक्रिय रखने के लिए मनोरंजन भी आवश्यक है। मनोरंजन का स्तर कुछ भी हो सकता है। मनोरंजन स्वास्थ्य एंव सौन्दर्य बोध के विकास के लिए अत्यंत अत्यंत आवश्यक है। इससे बौदधिक और मानसिक विकास होता है। जिस प्रकार ढंग से पका हुआ भोजन व स्वस्थ वातावरण शरीर को स्वस्थ रखता है उसी प्रकार मनोरंजन के अच्छे साधन मन और मस्तिष्क का उचित विकास करते हैं।नाटक, सिनेमा, घूमना, खेलना आदि ये सभी मनोरंजन के अच्छे साधन हैं।

1) मन और मस्तिष्क का उचित विकास किस प्रकार होता है?

क)फल खाने से

ख) देर तक आराम करने से

ग)मनोरंजन के अच्छे साधनों से

घ) कार्यशील रहने से

2)मनोरंजन से मनुष्य को क्या लाभ होता है?

क)आध्यात्मिक विकास

ख)बौद्धिक और मानसिक विकास

ग) जीवनशैली में विकास

घ) शारीरिक विकास

3)ऊर्पयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-

क)स्वास्थ्य

ख)मनोरंजन के लाभ

ग)मानसिक विकास

घ) मानवता

4)मनोरंजन के किन्हीं दो साधनों के नाम लिखें।

5)जीवन को स्वस्थ सुंदर और सक्रिय रखने के लिए क्या आवश्यक है?

प्र०2.आशय स्पष्ट कीजिए:-(अंक 2)

सेवा के पथ पर मैं------------मेरी अभिलाषा है।

अथवा

सूरज-सा दमकूँ मैं------------मेरी अभिलाषा है।

प्र०3.निद्रेशानुसार पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :-(अंक 3)

1)भाषा के कितने भेद हैं?

2) प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?

3) 'राम पत्र लिख रहा है' इस वाक्य में भाषा का कौन सा रुप प्रयोग हुआ है?